डॉ. गंगाधर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

हाल ही मेंमंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. बीएन गंगाधर को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission- NMC) का प्रमुख नियुक्त किया, जबकि डॉ. संजय बिहारी को चिकित्सा मूल्यांकन एवं रेटिंग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया।

NMC का गठन संसद के एक अधिनियम द्वारा किया गया है जिसे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के रूप में जाना जाता है, जिसने भारतीय चिकित्सा परिषद (Medical Council of India - MCI) का स्थान लिया।
इस सुधार का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करना है, विशेष रूप से MIC को प्रतिस्थापित करना
है, जो भ्रष्टाचार और अन्य मुद्दों से ग्रस्त है।
NMC भारत में चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के शीर्ष नियामक के रूप में कार्य करता है।
इसके चार अलग-अलग स्वायत्त बोर्ड होंगे:
स्नातक चिकित्सा शिक्षा।
स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा।
चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग।
नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण।

और पढ़ें: राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dr-gangadhar-as-nmc-chairperson